कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 16.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातकोत्तर स्तर के सभी पाठ्यक्रमों एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 17.06.2026 से दिनांक 10.07.2026 तक खुले रहेंगे।

अतः जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण कराना है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना आनॅलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर जाकर **Admission 2026-27** पर क्लिक करके दिनांक 10.07.2026 तक अवशय करा लें।

प्रवेश पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी द्वारा रू 130/– का पंजीकरण शुल्क Online Payment Gateway के माध्यम से किया जाऐगा। प्रार्थी एक ही पंजीकरण शुल्क से अधिक्तम तीन पाठ्यक्रम/कॉलेज/विश्वविद्यालय परिसर विभाग का चयन कर सकता है। प्रार्थी विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय हेतु एक साथ आवेदन कर सकता है।

इसी के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय अवधि में अपने यहाँ पाठ्यक्रमवार पंजीकृत अर्ह अभ्यर्थियों की वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय के आरक्षण नियमानुसार तैयार कर प्रवेश करेंगे।

सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर से यह भी सुनिशचित करेंगे कि सम्बन्धित पाठ्यक्रम में महाविद्यालय को सत्र 2026–27 में सम्बद्धता प्राप्त है। अन्यथा की स्थिति में लिए गये प्रवेश मान्य नहीं होंगे और इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

16/6/26
प्रवेश समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

16/6/26
प्रवेश समन्वयक